दैनिक भास्कर बुरहानपुर 15-06-2022

# नेपा लिमिटेड अस्पताल में 34 सेवाभावियों ने किया रक्तदान



**नेपानगर** | नेपा लिमिटेड अस्पताल में विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान शिविर लगाया गया। बुरहानपुर के ऑल इज वेल अस्पताल के सहयोग से लगाए गए शिविर का शुभारंभ नेपा लिमिटेड के सीएमडी कमाडोर सौरभ देब ने किया। शिविर में 34 सेवाभावियों ने रक्तदान किया। संबोधित करते हुए सीएमडी सौरभ देब ने कहा- हमारी रगों में दौड़ता खून स्वयं की जिंदगी तो बचाता ही है दूसरों की भी शक्ति देता है। इसके अभाव में कई लोग अपनी जान भी गंवा देते हैं। हम सभी का दायित्व बनता है कि लोगों की जान बचाने के लिए हम निःस्वार्थ भाव से रक्तदान करें। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने रक्तदान करने की शपथ ली। संकल्प लिया कि हम परिवार, दोस्तों, रिश्तेदारों, सहयोगियों और जनता को नियमित स्वैच्छिक रक्तदान की आवश्यकता के बारे में जागरूक करने का प्रयास करेंगे। इस दौरान महाप्रबंधक कार्य एवं परियोजना आर. अलागेसन, अजय गोयल, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. निशी गिर और प्रभारी उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. यशवंत पाटिल भी मौजूद थे।

# नि :स्वार्थ भाव से करें रक्तदान : सौरभ देब

नेपानगर (नईदुनिया न्यूज) । आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर नेपा लिमिटेड चिकित्सालय में रक्तदान शिविर आल इज वेल अस्पताल बुरहानपुर के तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि नेपा लिमिटेड के अध्यक्ष सहप्रबंध निदेशक सौरभ देब ने किया। रक्तदान शिविर में 34 रक्तदाताओं ने अपना रक्तदान किया।

कमोडोर सौरभ देब ने कहा-रक्तदान एक महादान है। जिससे हम कई जिंदगियों को बचा सकते हैं। सभी को इस रक्तदान के दायित्व को समझना चाहिए। नि:स्वार्थ भाव से रक्तदान में भाग लें। कार्मिक व प्रशासन विभाग के महाप्रबंधक अजय गोयल ने उपस्थितजनों को विश्व रक्तदाता की शपथ दिलाई। सभी ने संकल्प लिया कि हम अपने परिवार, दोस्तों, रिश्तेदारों, सहयोगियों और



रक्तदान के समय मौजूद नेपा लिमिटेड के अध्यक्ष सौरभ देब। ●नईदुनिया

जनता को नियमित स्वैच्छिक अवैतनिक रक्तदान की आवश्यकता के बारे में जागरूक करने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर नेपा लिमिटेड के आर. अलगेसन, वरिष्ठ चिकित्सक डा. निशि गीर, प्रभारी उपमुख्य चिकित्साधिकारी डा. यशवंत पाटिल आदि उपस्थित थे। संचालन जनसंपर्क अधिकारी रविन्द्र शिवहरे ने किया।

# न्यूज-कॉलम




## अमृत महोत्सव के तहत रक्तदान शिविर में 34 रक्तदाताओं ने दिया सहयोग

**नेपानगर।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत नेपा लिमिटेड के अस्पताल में विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 34 रक्तदाताओं ने अपना रक्तदान कर सहयोग किया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि कमोडोर सौरभ देब अध्यक्ष सह प्रबन्ध निदेशक नेपा लिमिटेड द्वारा किया गया। इस अवसर पर महा प्रबन्धक कार्य एवं परियोजना व कारखाना प्रबंधक आर अलगेसन, महा प्रबन्धक कार्मिक एवं प्रशासन अजय गोयल, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. निशि गीर, प्रभारी उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. यशवंत पाटिल आदि उपस्थित थे।कमोडोर सौरभ देब ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी रगों में दौडता खून स्वयं की जिंदगी तो बचाता ही है दूसरों को शक्ति भी देता है इसके अभाव में कई लोग अपनी जान भी गवां देते हैं। हम सभी का यह दायित्व बनता है कि लोगों की जान बचाने के लिये हम निस्वार्थ भाव से रक्त दान करें।